*मीरजापुर पुलिस *

प्रेस नोट

दिनांकः 17.09.2022

महिला सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के जीरो टॉलरेन्स की मंशा के अनुरूप 25 हजार का इनामिया शातिर बदमाश (लुटेरा) पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार , मौके से अवैध तमंचा , कारतूस व मोटर साइकिल बरामद —

थाना को0कटरा क्षेत्रांतर्गत दिनांक 16.09.2024 को संगमोहाल , मुस्द्दी धर्मशाला के पास बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति (बदमाश) द्वारा एक स्कूटी सवार महिला का चैन छिनने का प्रयास किया गया। जिसमें उक्त महिला स्कूटी से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसका ईलाज जिला चिकित्सालय मीरजापुर में चल रहा है। उक्त घटना का पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेकर महिला सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के जीरो टॉलरेन्स की मंशा के अनूरूप अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं प्रभारी कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना को0कटरा को निर्देश दिया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को 0कटरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को महिला सुरक्षा व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना को0कटरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 172/2024 धारा 309(5) बीएनएस से सम्बन्धित ₹ 25 हजार का ईनामियां अभियुक्त विकाश हेला पुत्र घनश्याम उर्फ प्रकाश हेला निवासी भैसहिया टोला थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर जनपद मीरजापुर को आज दिनांकः 17.09.2024 को थाना को0कटरा क्षेत्रांतर्गत बसही के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। दौराने गिरफ्तारी अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त विकाश हेला उपरोक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर भिजवाया गया , जहां चिकित्सकों द्वारा जिसकी स्थिति सामान्य बताई गयी। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त विकाश हेला उपरोक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक अदद हीरो एचएफ डिलेक्स चोरी की मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अकाश हेला पूर्व में चोरी व लूट की घटनाओं में जेल जा चुका है। करीब 2.5 माह पहले जमानत पर जेल से छूट था तथा दिनाक 16.09.2024 को चोरी की मोटर साइकिल से उक्त महिला के साथ लूट की घटना करने का प्रयास किया गया था। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को 0कटरा पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त —

विकाश हेला पुत्र घनश्याम उर्फ प्रकाश हेला निवासी भैसहिया टोला थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-20 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा व एक अदद खोखा कारतूस व एक अदद हीरो एचएफ डिलेक्स मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) ।

घटना/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय—

बसही के पास, आज दिनांकः 17.09.2024 को।

आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0-172/2024 धारा 309(5) बीएनएस थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।
2. मु0अ0सं0-78/2024 धारा 120 बी, 34,392,411 भादवि थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक थाना को0कटरा-अजीत सिंह मय पुलिस टीम।

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।

उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम।